# न्यायालय सब जज, कहलगाँव, भागलपुर

**पीठासीन पदाधिकारी :– अमित कुमार शर्मा**

**दिवानी वाद संख्या 129/2020**

**13.12.2022** **पप्पु प्रसाद गुप्ता बनाम जय किशोर पोद्दार व अन्य**

**आदेश**

वादी की ओर से हाजरी है। परन्तु पुकार पर कोई उपस्थित नहीं हुए। यह वाद वादी द्वारा न्यायशुल्क दाखिल करने हेतु लंबित चले आ रहे हैं, परन्तु वादी इस वाद में न तो मूल दस्तावेज दाखिल कर रहे हैं, न ही वादी की ओर से न्यायशुल्क दाखिल किया गया है एवं न ही सुनवाई के कम में वादी की ओर से कोई उपस्थित होते हैं। परन्तु अभिलेख के अवलोकन के पश्चात् यह स्पष्ट है कि उनके द्वारा न तो न्यायशुल्क ही दाखिल की जा रही है और न ही मूल दस्तावेज दाखिल कर रहे हैं, जिससे प्रतीत होता है कि वादी को इस वाद में कोई अभिरूचि नहीं रह गयी है। अतः वादी का यह वाद वादी द्वारा न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं करने के कारण खारिज किया जाता है।

कार्यालय को यह निर्देश दिया जाता है कि इसे विचारण पंजी में अंकित करें तथा अभिलेख को नियमानुसार अभिलेखागार में जमा करें।

अवर न्यायाधीश
कहलगाँव